# साफ सुथरी सड़कों पर नए सिरे से रि-कारपेटिंग की रिपोर्ट मांगी, इंजीनियर्स गुमराह करने में जुटे

## सोडाला से अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी तक सही और साफ सुथरी सड़क पर नए सिरे से रिकारपेटिंग कर जेडीए को 7 करोड़ का नुकसान पहुंचाने में जुटे इंजीनियर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** अजमेर रोड पर सोडाला से अजमेर रोड पुरानी चुंगी तक सही और साफ सुथरी सड़क पर नए सिरे से रिकारपेटिंग कर जेडीए को सात करोड़ का नुकसान पहुंचाने में जुटे जेडीए के जोन 7 के इंजीनियर्स की कारस्तानी की पोल खुलने के बाद अब इंजीनियर्स लीपापोती करने में जुट गए हैं। इस पूरे मामले की जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त मंजू राजपाल ने रिपोर्ट मांग ली है। इंजीनियर्स अब तथ्यों के विपरीत रिपोर्ट बना कर जेडीसी को गुमराह करने में जुट गए हैं। इस मामले की खबर छपने के बाद जेडीसी मंजू राजपाल ने सख्ती दिखाते हुए इसकी रिपोर्ट मांग ली थी। उन्होंने पहले भी करोड़ों गैर जरूरी कामों पर कटौती कर दी थी।

गुरुवार को यह मामला जेडीसी की जानकारी में आया तो उन्होंने जेडीए के निदेशक इंजीनियरिंग से इसकी पूरी रिपोर्ट बना कर देने को कहा है। इसके बाद जेडीए के जोन सात के एक्सईएन तरूण सिंघल और उनकी टीम रिपोर्ट बनाने में जुटी हुई थी। वे अपने काम को अब जस्टिफाई करने की कोशिश में यह कह कर जुटे हुए हैं कि अब पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर पुलिया तक सड़क नहीं बनाई जाएगी। इसके आगे पुलिया से लेकर पुरानी चुंगी तक की सड़क की रिकारपेटिंग की जाएगी।



सोडाला से अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी तक जिस सड़क की रिकार्पेटिंग की जाने वाली हैं, वह फिलहाल अच्छी खासी स्थिति में है।

जेडीए के इंजीनियर्स का यह तर्क भी फेल हो रहा है क्योंकि अजमेर रोड से पुरानी चुंगी तक की सड़क भी बेहतर स्थिति में है। इस सड़क पर नए सिरे से डामर करने की जरूरत ही नहीं है। जेडीए से यह काम आर एन कंस्ट्रक्शन को टेंडर पर मिला हुआ है जो 30 प्रतिशत अधिक रेट पर है। इस फर्म ने यह काम लटाला कंस्ट्रक्शन को सबलेट कर दिया है। अजमेर रोड पर तो इस सड़क पर छह महीने पहले ही डामर हुई थी। इसके साथ ही थर्मोप्लास्ट लगा कर सड़क पर ट्रेफिक के जरूरी निर्देशों की पालना की गई थी। अब यहां कारपेटिंग होने से पैसे का दुरुपयोग होगा। जेडीसी मंजू राजपाल की सोच भी यही है कि अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाई जाए पर जेडीए के जोन सात का इंजीनियरिंग सेल जबरन यहां रिकारपेटिंग करने के तर्क दे रहा है।

- जेडीए आयुक्त मंजू राजपाल ने निदेशक इंजीनियरिंग से इस प्रकरण की पूरी रिपोर्ट बना कर देने को कहा है, इसके बाद जोन 7 के एक्सईएन तरूण सिंघल और उनकी टीम रिपोर्ट बनाने में जुटी है

जेडीए के जोन सात का इंजीनियरिंग सेल एक तरफ तो जेडीसी मंजू राजपाल को भी गुमराह करने में जुटा हुआ है तो दूसरी तरफ उनके निर्देशों का भी उल्लंघन कर रहा है। इस जोन ने किंग्स रोड पर बनी हुई अच्छी और बेहतर सड़क पर फिर नए सिरे से डामर कर रिकारपेटिंग करने के टेंडर जारी कर दिए। जेडीए को इस जोन में टूटी और नहीं बनी हुई सड़कें नहीं दिख रही हैं। वो पुरानी सही सड़कों पर डामर बिछाकर अपना हित साधने में जुटे हुए हैं। जेडीए के जोन सात में गत दिनों एक्सईएन से लेकर एईएन तक के तबादले हो गए थे। तबादले होने के बाद नए एक्सईएन और एईएन ने आकर काम संभाला। उन्होंने इस तरह की सही और बेहतर सड़कों पर नए सिरे से डामर कर रि-कारपेटिंग करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है।

# आर.एम.एस.सी. की प्रबंध निदेशक ने महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया



राजस्थान चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड ( आरएमएससी ) की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

**जयपुर।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को राजस्थान चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड (आरएमएससी) की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया।

गिरि ने अस्पताल में औषधि भण्डार गृह व मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा वितरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक दवा काउंटर पर जाकर दवाइयों का स्टॉक जांचा और दवाइयों की समुचित उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक ने दवा वितरण केन्द्रों पर ई-औषधि सॉफ्टवेयर पर दवाइयों की उपलब्धता, एक्सपायरी डेट और सॉफ्टवेयर की तकनीकी जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी खामी को तत्काल प्रभाव से दूर करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कार्मिकों को निर्देश दिए।

- दवा वितरण केंद्रों पर दवाओं की समुचित उपलब्धता रखने के निर्देश दिए

गिरि ने निरीक्षण के दौरान उपचार के लिए आए मरीजों और उनके परिजनों से संवाद कर दवाओं की उपलब्धता के संबंध में फीडबैक लिया। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में मिल रही सुविधाएं संतोषजनक हैं। दवा काउंटरों पर सभी दवाइयां मिल रही हैं। प्रबंध निदेशक ने फार्मासिस्ट को निर्देश दिए कि चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाइयों की खुराक एवं समय के बारे में मरीजों को ठीक से जानकारी दें। प्रबंध निदेशक ने अस्पताल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टोर में र्निधारित दवाइयों की उपलब्धता में कोई कमी नहीं रहे। सभी चिकित्सक व कार्मिक आपसी समन्वय से काम करें। अस्पताल प्रशासन नियमित रूप से सभी दवा वितरण केन्द्रों का निरीक्षण करें। दवाओं का उपयोग इस प्रकार से करें कि कोई दवा अवधिपार होने की स्थिति में नहीं आए। अस्पताल अधीक्षक आशा वर्मा ने अस्पताल में चल रहें दवा वितरण केन्द्रों और वितरित की जा रही दवाइयों के बारे में जानकारी दी।

# व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर लाखों रुपए लूट

**जयपुर।** राजधानी के विद्याधर नगर इलाके में धनश्री टावर में शुक्रवार शाम बदमाश एक व्यापारी की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 33 लाख रुपए लूट ले गए। पीड़ित व्यापारी कार में बैठने जा रहा था, इसी दौरान बदमाश रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। लूट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पुलिस के अनुसार लूट की घटना विद्याधरनगर निवासी मेटल फैक्ट्री के मालिक गर्व खंडेलवाल (23) के साथ हुई है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दी है, जिसमें उसने बताया कि वे विश्वकर्मा में मेटल फैक्ट्री चलाते हैं। शाम करीब पांच बजे वह अपने एक दोस्त के साथ पेमेंट लेने के लिए विद्याधर नगर स्थित धनश्री टावर आए थे। एक बैग में करीब 33 लाख रुपए का पेमेंट लेकर कार में बैठने जा रहे थे। इसी दौरान पैदल आए दो बदमाशों ने पीछे से उनकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और वो दर्द से चिल्लाने लगे, तभी उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीनकर दोनों बदमाश भाग निकले। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे फुटेज को खंगालने के साथ बदमाशों की तलाश कर रही है।

- विद्याधर नगर इलाके में धनश्री टावर की घटना
- लूट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई

गर्व के शोर मचाने पर पार्किंग में पहुंचे लोगों ने उन्हें संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शहर में नाकाबंदी करवाई। प्राथमिक उपचार के लिए पीड़ित बिजनेसमैन को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों में मिली फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

# कच्चे मकान में आग लगने से तीन साल की मासूम बच्ची जली

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा इलाके में शुक्रवार को कच्चे मकान में आग लगने से तीन साल की मासूम बच्ची जिंदा जल गई। वहीं आग की चपेट में आने से डेढ़ साल की बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि इलाके में स्थित बरसिंहपुरा गांव में शुक्रवार तीन बजे के आसपस एक कच्चे मकान के बाहर चार बहन खेल रही थी। इसी दौरान मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से तीन साल की मासूम बच्ची दिव्यांशी जिंदा जल गई। वहीं साथ में खेल रही उसकी छोटी बहन डेढ़ साल की रुचिता गंभीर रूप से झुलस गई। दो बड़ी बहनों ने भागकर अपनी जान बचाई। आग लगने से मकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। हादसे के समय मां और पिता गिरधारी लाल मनरेगा में मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने शव को चौमू अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। गंभीर रूप से झुलसी बच्ची को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। इधर सूचना मिलने पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

# लेखन देश सेवा का माध्यम : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि लेखन कार्य भी देश सेवा का माध्यम है। उन्होंने लेखको का आवहान किया कि वे भारतीय संस्कृति की महानता की अनुभूति कराने वाला लेखन करें। यह भी सच्ची देश सेवा है। देवनानी ने शुक्रवार को यहां जवाहर कला केन्द्र में डॉ. प्रेम सिंह चारण के काव्य संग्रह गीताक्षरी का विमोचन किया।

देवनानी ने डॉ. चारण की पेंटिग्स प्रदर्शनी कैथारसिस का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। देवनानी ने कहा मानव जीवन में संस्कार आवश्यक होते हैं। सुसंस्कारों से ही परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है। उन्होंने कहां कि विकसित भारत, श्रेष्ठ भारत और अखण्ड् भारत के लिये आत्मंविश्वास के साथ कार्य करें। देवनानी ने कहां कि देश करवट ले रहा है। 21वीं शताब्दी भारत की शताब्दी है। पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहा है। दूसरे देशों में भारत का मान बढा है। देवनानी ने कवि डॉ. चारण के लेखन की सराहना करते हुए कहां कि उनकी रचनाऐं राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत है। ये रचनाऐं अन्त: भाव का प्रदर्शन कर रही है। पाठको को इनसे राष्ट्र की सेवा के लिये प्रेरणा मिलेगी।समारोह में स्वागत उद्बोधन डॉ. प्रेम सिंह चारण ने किया।



देवनानी ने जवाहर कला केन्द्र में डॉ. प्रेम सिंह चारण के काव्य संग्रह गीताक्षरी का विमोचन किया।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म से संबंधित धोखाधड़ी के प्रति सचेत किया

## इनोवेशन एंड नॉलेज मैनेजमेंट पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**जयपुर,** (का.सं.)। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस ऑन इनोवेशन एंड नॉलेज मैनेजमेंट का शुभारम्भ शुक्रवार को मुख्य अतिथि, जिला आयोग उपभोक्ता संरक्षण जयपुर के अध्यक्ष देवेंद्र मोहन माथुर, यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट सुरेश चंद्र पाधे, प्रो प्रेसिडेंट डॉ मनोज गुप्ता, रजिस्ट्रार चांदनी कृपलानी और डीन डॉ सुनील गुप्ता ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।



नेशनल कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि और अन्य वक्ताओं ने इनोवेशन एंड नॉलेज मैनेजमेंट को भावी पीढ़ी के विकास और सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए सफलता की सीढ़ी बताया। वक्ताओं ने कहा नेशनल कांफ्रेंस निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के लिए नये आयाम स्थापित करेगी और शिक्षा के साथ रोजगार की दिशा में पथ प्रदर्शक होंगी। कांफ्रेंस के दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि राजस्थान गैस लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी दीप्तांशु पारीक थे।

कांफ्रेंस को ऑनलाइन मोड़ पर सम्बोधित करते हुए इंश्योरेंस कंपनी यूके के वाईस प्रेसिडेंट सिद्धार्थ ओझा और की सीनियर मैनेजर सुष्मिता सारस्वत ने डिजिटल प्लेटफॉर्म से संबंधित धोखाधड़ी और ग्लोबल वार्मिंग के वास्तविक खतरे से सचेत करते हुए इस दिशा में सार्थक कार्य और अनुसन्धान पर बल दिया। कांफ्रेंस की संयोजक डॉ मोनिका ओझा खत्री ने बताया यह नेशनल कांफ्रेंस शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए नए विकासशील भारत को शाइनिंग और मंत्रमुग्ध करने के लिए नवाचार और प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक नवीन प्रौद्योगिकियों, तरीकों और प्रबंधकीय सिद्धांतों पर अपने विचार साझा करने के द्वार खोलेगा। इस अवसर पर देश के विभिन्न विश्वविधालयों और और कॉलेजों से 100 से अधिक रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये गए। कांफ्रेंस की संयोजक डॉ मोनिका खत्री, डॉ उर्वशी भाम्भू और डॉ गौरव मालपानी थे। आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ मुक्तक व्यास थे।

# कपड़ा चोरी करने वाला पकड़ा

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने फैक्ट्रियों से कपड़ा चोरी करने वाले एक बदमाश को दबोचा है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए गए कपड़े सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि थाना पुलिस ने कपड़ा फैक्ट्रियों से कपड़ा चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जितेन्द्र महावार निवाी दतवास जिला टोंक हाल सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए गए कपड़े सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी फैक्ट्रियों से कीमती कपड़े चोरी कर बाजारों में कपड़ा व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को सस्ते दामों पर बेच देते थे।

# कछुए की तस्करी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने वन्यजीवों की तस्करी करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से दो कछुए और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर को इलाके में वाटिका रिंग रोड के पास एक बोलेरो गाड़ी से दो व्यक्तियों द्वारा वन्य जीव कछुओं का शिकार कर तस्करी करने के लिए लाने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम द्वारा दादिया गांव के पास रिंग रोड स्लिप लेन पर पहुंचे तो वहां पर एक बोलेरो कार खड़ी मिली। कार में सवार लालसोट दौसा निवासी 25 वर्षीय रविशंकर मीणा उर्फ रवि तथा 27 वर्षीय हरिराम मीणा उर्फ पायलट के पास मिले बैग की तलाशी ली तो उसमें दो कछुए मिले, जो कि संरक्षित प्रजाति के थे। इन कछुओं को अवैध रूप से तस्करी के लिए लाया गया था।

- पुलिस ने आरोपियों से दो कछुए व वाहन जब्त किए

# छात्र का अपहरण कर फिरौती मांगी

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट इलाके में कोचिंग स्टूडेंट का अपहरण कर परिजनों से एक लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि करौली निवासी रमेश बैरवा ने मामला दर्ज करवाया कि उसका बेटा राहुल बैरवा (22) 26 फरवरी से लापता है। वह पिछले 3 महीने से एयरपोर्ट इलाके में स्थित अम्बेडकर कॉलोनी में किराए से रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की कोचिंग कर रहा है।

26 फरवरी को कमरा बिना लॉक किए वह निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। 28 फरवरी को राहुल के मोबाइल से कॉल आया। उसने बताया कि मुझे किसी ने पकड़ रखा है। मेरे अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा करवा दो, नहीं तो ये लोग मुझे जान से मार देंगे। इतना कहते ही उसका कॉल कट गया। इसके बाद उसका मोबाइल नंबर स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस मोबाइल लोकेशन के आधार पर अपहरण स्टूडेंट की तलाश कर रही है।

## सार-समाचार

### विधायक ने किया पोस्टर का विमोचन



**जयपुर,** (का.सं.)। सांगानेर स्थित शिव श्री कृष्ण मंदिर जगन्नाथपुरी में श्याम भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन विधायक बालमुकुंद आचार्य, पार्षद कुसुम यादव व पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने किया। 9 मार्च को विशाल श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बाबा श्याम का सुंदर श्रृंगार और भव्य झांकी सजाई जाएगी।भजन संध्या में वृंदावन की गौरी और साक्षी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। बाबा श्याम की अखंड ज्योति जलाई जायेगी। इस दौरान अक्षय यादव रामावतार शर्मा विष्णु यादव एवम मंडल के समस्त कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### महिला प्रधानमंत्री बनाने की मांग




**जयपुर।** दोनों बड़ी पार्टियों भाजपा और कांग्रेस से मांग करते हैं कि भारत देश के परिवार, संस्कार, सनातन धर्म को बचाने के लिए 40 साल बाद भारत को फिर से महिला प्रधानमंत्री दिया जाए और यह घोषणा लोकसभा चुनावों से 15 दिनों पहले की जाए। नहीं तो हम ब्रह्माणी पूरे देश में कठोर कदम उठाने की घोषणा करके इसका प्रचार-प्रसार करेंगी। यह कहना है "मिशन हम ब्रह्माणी (गृहणी)" संगठन की महिलाओं का, जिन्होंने शुक्रवार को राजधानी स्थित यूथ हॉस्टल में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों के समक्ष अपनी पीड़ा उजागर की। संगठन की महिलाओं ने कहा कि लोकतंत्र में पार्टियाँ ही पब्लिक की प्रतिनिधि होती हैं और हम सभी गृहणियां उस पार्टी को ही वोट देती हैं लेकिन जैसे ही चुनाव हो जाने के बाद सरकारें बनती हैं, वैसे ही पार्टियाँ अपने वोटर को सरकार का चारा बनाकर हट जाती हैं।

### जेल में बंदी के पास दो मोबाइल मिले

**जयपुर।** जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल मिलने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल को जेल से धमकी मिलने के बाद लगातार जेल प्रशासन तलाशी अभियान चला रहा है। जहां गुरुवार को जयपुर सेंट्रल जेल में एक बंदी के पास दो मोबाइल मिले है। तलाशी के दौरान बैरक में बंदी की अजीब हरकतें देखकर शक हुआ था। पूछताछ में बंदी से सामने आया है कि दूसरे साथी ने बैरक के पीछे खुदाई कर छिपा रखा था। उसे निकालकर दूसरी जगह छिपाने के लिए मोबाइल दिए हैं। मामले में लालकोठी थाने में जेल प्रहरी की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि जेल प्रहरी रामनारायण वर्मा ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि मालपुरा के राधाबल्लभ मार्ग निवासी राहुल टीलवात जयपुर सेंट्रल जेल में बंद है। गुरुवार सुबह जेल में सर्च किया जा रहा था। तलाशी के दौरान वार्ड नंबर-9 के बैरक नंबर-3 में बंदी राहुल टीलवात की हरकतें अजीब दिखाई दी। बंदी राहुल की तलाशी लेने पर उसके पास 2 मोबाइल मिले।

### तपन शुक्ला बने प्रदेश संगठन मंत्री



**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा का प्रदेश संगठन मंत्री तपन शुक्ला को नियुक्त किया गया है। महासभा के प्रमुख महामंत्री मधुसूदन शर्मा ने यह नियुक्ति आदेश प्रदेशाध्यक्ष पं.केशरी चंद्र भंवर लाल शर्मा के निर्देश पर दिये।

# परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठने का खुलासा, एक आरोपी पकड़ा

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा वर्ष-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठने का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल एसओजी की टीम पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने इन्द्राज सिह निवासी मंडला, जिला झुंझुनूं हाल अजमेर रोड जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

इस प्रकरण में आरोपित के संगठित गिरोह के अन्य साथियों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को एसओजी थाना जयपुर में धारा 419, 420, 467, 468, 120 बी, भादस व 3 व 10 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 का मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर-दबोचा है।

# अपोलो वेटरनरी कॉलेज में एसीबी ने सर्च किया

**जयपुर।** जामडोली में अपोलो वेटरनरी कॉलेज में शुक्रवार को एसीबी की टीम ने सर्च की कार्रवाई की। साथ ही कॉलेज ट्रस्टी और डीन के ऑफिस व घर पर भी सर्च किया गया। एडिशनल एसपी सुरेन्द्र सिंह के निर्देशन में दबिश दी गई थी। मेडिकल ट्रस्ट के वर्किंग ट्रस्टी दूल्हे राम मीणा के विरुद्ध दर्ज प्रकरण में उसके द्वारा अनुसंधान में सहयोग नहीं करने में ट्रस्ट के खातों में प्राप्त फीस की राशि के दुर्वीनियोजन किए जाने के संबंध में यह कार्रवाई की गई।

सूत्रों ने बताया कि अपोलो एनिमल मेडिकल ट्रस्ट आगरा रोड जामडोली जयपुर के वर्किंग ट्रस्टी दूल्हे राम मीणा के मालवीय नगर और डीन चरण सिंह शर्मा के जामडोली आगरा रोड पर स्थित घर पर सर्च किया गया। इस दौरान अब तक की जांच में ट्रस्ट से संबंधित मूल बिल वाउचर व संदिग्ध दस्तावेज, ट्रस्ट के खातों में फीस व अन्य राशि के आगमन, क्रेडिट का लेखा-जोखा का आगमन तो पाया गया।

- ट्रस्टी व डीन के ऑफिस-घर पर भी सर्च की कार्रवाई की गई।
- अपोलो वेटरनरी कॉलेज में 35 करोड़ रुपए के गबन से जुड़ा मामला

परंतु ट्रस्ट के खातों में लाखों व करोड़ों रुपए की राशि अन्य प्रमुख व्यक्तियों के खातों में निगमन व डेबिट का उपस्थित ट्रस्टी व ट्रस्ट के हर्षवर्धन मीणा व कैशियर सुशील शर्मा की ओर से संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। इस प्रकार ट्रस्ट की राशियों का करोड़ों की संख्या में हुए दुर्वीनियोजन के लिए मूल बिल वाउचर जब्त कर विस्तृत जांच की जाएगी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से तलाशी अभियान जारी है। उल्लेखनीय है कि प्रकरण में आयकर विभाग व ई.डी को भी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की सहायता करने के न्यायालय से निर्देश प्रदान किए गए हैं।

गौरतलब है कि साल-2020 में एनआरआई डॉक्टर राज खरे के परिवाद पर एसीबी में शिकायत दर्ज हुई थी। नियमों को दरकिनार कर कॉलेज में ट्रस्टी बने दूल्हे राम मीणा और उनके दोनों बेटों व अन्य के नाम से करीब 35 करोड़ रुपए कॉलेज के बैंक अकाउंट से ट्रांसफर किए थे। एसीबी ने मामले में पहले एफआर लगा दी थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद फिर से फाइल रिओपन हुई। हाईकोर्ट ने एसीबी को और आयकर विभाग की मदद लेने के लिए भी आदेश दिए थे।

# नाबालिग भांजी से दुष्कर्म का आरोपी मामा गिरफ्तार

**जयपुर।** नाबालिग भांजी के अपहरण के मामले में गांधी नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी मामा को गिरफ्तार किया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अपहरण के बाद बलात्कार भी किया। करीब आठ माह पुराने इस मामले को लेकर कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका भी लगी थी। पुलिस ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

तत्कालीन थानाधिकारी बलवीर सिंह ने थाने की स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल बाबूलाल और कांस्टेबल सुभाष चंद को आरोपी व किशोरी की तलाश में लगाया था। टीम को सूचना मिली कि आरोपी को एसएमएस अस्पताल के पास देखा गया है। टीम वहां पर पहुंची तो आरोपी भाग गया, लेकिन उसकी भांजी वहां मिल गई। भांजी से मिली जानकारी पर आरोपी को पीछा कर पकड़ा। पुलिस ने बताया कि आरोपी मूलतः अलवर का रहने वाला है। उसकी बहन कोटपूतली क्षेत्र में रहती है। करीब आठ माह पहले आरोपी बहन को इलाज के बहाने जयपुर में एसएमएस अस्पताल लेकर आया था। इस दौरान करीब 15 वर्षीय भांजी भी साथ आ थी। नारायण सिंह तिराहा पर आरोपी ने बहन को झांसा देकर छोड़ दिया और भांजी को साथ ले गया।

पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय आरोपी युवा अवस्था में घर छोड़कर चला गया था। शिव, बाड़मेर के एक मंदिर में साधु बनकर रहने लगा। करीब 23 वर्ष बाद लौटा और परिवार में मेल-जोल बढ़ाने लगा। इस दौरान भांजी को देखकर उसकी नियत बिगड़ गई।

आरोपी ने भांजी को जंगल और सुनसान स्थानों पर ले जाकर बलात्कार किया। पैसों की जरूरत होने पर जयपुर आया था।